भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
09.02.2022 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1300 का उत्तर

केरल में रेलवे अधोगामी पुल का अभाव

1300. डॉ. एम.पी. अब्दुस्समद समदानी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के संज्ञान में आया है कि केरल में वल्लीकुन्नू स्टेशन के पास उस क्षेत्र में रेलवे अधोगामी मार्ग (आरयूपी) के अभाव में हेरोस नगर क्षेत्र में रहने वाले लोग परेशान हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार रेलवे के इस आग्रह से अवगत है कि भूमिगत मार्ग के निर्माण पर होने वाला खर्च राज्य सरकार या किसी स्थानीय निकाय द्वारा वहन किया जाए;
(घ) यदि हां, तो रेलवे द्वारा स्वयं कार्य की जिम्मेदारी लेने के लिए सरकार क्या आवश्यक कदम उठाने जा रही है और अधोगामी मार्ग के निर्माण के लिए क्षेत्र के लोगों के लंबे समय से लंबित अनुरोध को मंजूरी देने जा रही है; और
(ङ) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ड.): हेरोस नगर में रेलवे अंडरपास के निर्माण के लिए स्थानीय लोगों द्वारा अनुरोध किया गया है। स्थल की जांच की गई है और यह पाया गया है कि वल्लीकुन्नू रेलवे स्टेशन के समीप हेरोस नगर में कोई समपार (एलसी) नहीं है। किनारे की कम ऊंचाई और जलभराव की समस्या के कारण इस स्थान पर तकनीकी रूप से भी निचला सड़क पुल व्यवहार्य नहीं है। बहरहाल, इस स्थान पर व्यवहार्यता के अध्यधीन निक्षेप शर्तों

Sk

के आधार पर उपरि सड़क पुल के निर्माण पर विचार किया जा सकता है, बशर्ते राज्य सरकार निर्माण और रखरखाव की 100% लागत वहन करने के लिए सहमत हो। इस संबंध में राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****